# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक एफ-03/100/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2026-27/2046 दिनांक 03.08.2026

## प्रवेश सूचना NON-CUET 2026-27 ( आचार्य पाठ्यक्रमों)

**विषय: NON-CUET के माध्यम से आचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउन्सलिंग प्रक्रिया के संदर्भ में।**

क्रमांक एफ-03/100/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2026-27/1991 दिनांक 21.07.2026 के निरंतर में सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 31.07.2026 तक NON-CUET के माध्यम से **आचार्य पाठ्यक्रमों** में पंजीकरण पूर्ण कर लिया गया है वे अभ्यर्थी दिनांक **04.08.2026 से 10.08.2026** तक निम्नलिखित विवरण के अनुसार विश्विद्यालय में काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा दिनांक 16.07.2026 को विश्वविद्यालय में आयोजित NON-CUET (**आचार्य पाठ्यक्रमों**) की लिखित प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे एवं अधिसूचना संख्या 40/2026 दिनांक 20.07.2026 के अनुसार उतीर्ण हो चुके हैं, और किसी कारणवश विश्वविद्यालय में काउन्सलिंग हेतु उपस्थित नहीं हो पाए थे वह **दिनांक 04.08.2026 से 10.08.2026** तक निर्धारित प्रक्रिया अनुसार काउन्सलिंग हेतु विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होने का कष्ट करें। प्रवेश समिति द्वारा संबंधित विषयों में उपलब्ध स्थानों के अनुसार प्रवेश हेतु अनुशंसा की जाएगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि जिन आवेदकों द्वारा अभी तक अपना शुल्क जमा नहीं किया (प्रथम काउन्सलिंग के अनुसार) वे दिनांक 10.08.2026 तक अपना प्रवेश शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें।

प्रवेश समिति द्वारा शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। निम्नलिखित विवरण के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से साक्षात्कार/काउंसलिंग का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जायेगा।

**साक्षात्कार/काउंसलिंग के आयोजन संबंधित विषयों का विवरण**

| क्र०सं० | सम्बन्धित पीठ (विषय) | समय एवं तिथि | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | **साहित्य एवं संस्कृति पीठ**<br><br>साहित्य एवं प्राकृत भाषा | **04.08.2026 से 10.08.2026** (प्रात: 10:30 बजे से सांय 04:30) | शैक्षणिक सदनम् पीठप्रमुख कार्यालय कक्ष सं 10<br>दूरभाष न. 46060624 |
| 2 | **दर्शनशास्त्र पीठ**<br><br>बी.ए. योग, नव्यन्याय, प्राचीन न्याय, सांख्ययोग, जैनदर्शन, सर्वदर्शन, मीमांसा, विशिष्टाद्वैत वेदान्त, अद्वैत वेदान्त | **04.08.2026 से 07.08.2026** (प्रात: 10:30 बजे से सांय 04:30) | शैक्षणिक सदनम् प्रथम तल, पीठप्रमुख कार्यालय कक्ष सं 109<br>दूरभाष न. 46060623 |
| 3 | **वेदवेदांग पीठ**<br><br>शुक्लयजुर्वेद, पौरोहित्य, नव्य व्याकरण, प्राचीन व्याकरण, धर्मशास्त्र, फलित ज्योतिष, सिद्धान्त ज्योतिष, संहिता ज्योतिष, वास्तुशास्त्र | **04.08.2026 से 10.08.2026** (प्रात: 10:30 बजे से सांय 04:30) | स्वर्णजयन्तीसदनम्, प्रथम तल, पीठप्रमुख कार्यालय कक्ष सं 102<br>दूरभाष न. 46060622 |
| 4 | **पुराणविद्या पीठ**<br><br>पुराणेतिहास | **04.08.2026 से 10.08.2026** (प्रात: 10:30 बजे से सांय 04:30) | सारस्वतसाधनासदनम् तृतीय तल, पीठप्रमुख कार्यालय कक्ष सं 309 |
| 5 | **प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | **12.08.2026** | |

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष ऑफलाईन माध्यम से अपने पंजीकरण आवेदन पत्र, मूल दस्तावेज तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ही ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल प्रमाण-पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

**प्रमाण पत्रों की सूची-**

1. समर्थ पोर्टल पर संबंधित विषय में किये गए पंजीकरण आवेदन पत्र (PRINT OUT) की प्रति अवश्य रूप से साथ लायें
2. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्णता के विषय में मान्यता प्राप्त संस्था/विद्यालय/विश्वविद्यालय से प्राप्त मूल प्रमाण पत्र
3. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
4. मूल निष्क्रमण प्रमाण-पत्र
5. मूल चरित्र प्रमाण पत्र
6. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र
7. आधार कार्ड की प्रतिलिपि
8. ए.बी.सी. आई-डी.
9. ANTI-RAGGING UNDERTAKING (THROUGH UGC WEBSITE)
10. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (केवल बी.ए. एवं एम ए. योग पाठ्यक्रम हेतु)
11. बैंक पास बुक की प्रति

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति अनुसार जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

1. समस्त पीठ प्रमुखों को इस आशय से प्रेषित है कि प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत संस्तुत आवेदकों के फॉर्म वांछित प्रमाण-पत्रों सहित शैक्षणिक विभाग में प्रस्तुत करने का कष्ट करें ताकि ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने की कार्यवाही की जा सके।
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
4. पुस्तकालय अध्यक्ष
5. छात्रावास अधिष्ठाता
6. नोडल अधिकारी (Anti-Ragging)
7. सम्पर्क अधिकारी (SC/ST/OBC)
8. उपकुलसचिव (परीक्षा)
9. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
10. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
11. सहायक कुलसचिव (लेखा)
12. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
13. सम्बन्धित पंजिका एवं सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

Sachin 04/08/26